# 6th JPSC Mains - Model Paper– 1

## प्रश्न पत्र–IV

## भारतीय संविधान और राजव्यवस्था, लोक प्रशासन एवं सुशासन

**समय: 3 घंटे** **पूर्णांक: 200**

## भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था, लोक प्रशासन एवं सुशासन

**परीक्षार्थियों को प्रत्येक खंड से एक अनिवार्य तथा दो वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर (कुल 6 प्रश्नों के उत्तर) देने हैं। प्रत्येक खंड के अनिवार्य प्रश्न में 10 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न दो अंक का है।**

### खंड (अ)

### भारतीय संविधान और राजव्यवस्था : 100 अंक

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के लिये सही विकल्प का चयन करें: अंक : 20 (10 × 2)**

(i) भारतीय शासन प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'असत्य' है?

(a) सर्वोच्च सत्ता भारत की जनता में निहित है।
(b) एकीकृत शक्ति का प्रावधान किया गया है।
(c) संसदीय प्रणाली को गणतंत्रवाद से जोड़ा गया है।
(d) लोकतांत्रिक गणतंत्र को अपनाया गया है।

(ii) भारतीय संविधान मान्यता देता है:

(a) केवल धार्मिक अल्पसंख्यकों को।
(b) केवल भाषायी अल्पसंख्यकों को।
(c) धार्मिक एवं भाषायी अल्पसंख्यकों को।
(d) धार्मिक, भाषायी एवं नृजातीय अल्पसंख्यकों को।

(iii) राष्ट्रपति के निर्वाचन में राज्य का मुख्यमंत्री मतदान करने के लिये योग्य नहीं है, यदि वह:

(a) स्वयं प्रत्याशी है।
(b) राज्य की विधानसभा में बहुमत सिद्ध करना शेष है।
(c) विधानमंडल के निम्न सदन का सदस्य है।
(d) विधानमंडल के उच्च सदन का सदस्य है।

(iv) संघ सूची में सम्मिलित विषय नहीं है–

(a) प्रतिरक्षा (b) बैंकिंग
(c) भूमि (d) वायुसेवा

(v) भारतीय संविधान में अवशिष्ट विषय पर कानून बनाने का अधिकार किसे प्राप्त है?

(a) केंद्र (b) राज्य
(c) केंद्र व राज्य दोनों (d) किसी को नहीं।

(vi) निम्नलिखित में से किसको 'भारतीय संविधान की आत्मा' से संबोधित किया गया है?

(a) मौलिक अधिकार
(b) राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत
(c) संवैधानिक उपचार का अधिकार
(d) उद्देशिका

(vii) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 87 के अंतर्गत भारत का राष्ट्रपति अभिभाषण देता है:

(a) संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में
(b) संसद के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन में
(c) संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में
(d) एक साथ समवेत संसद के दोनों सदनों में

(viii) भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को उसके पद से हटाए जाने की प्रक्रिया निम्नांकित में से किसके समान है?

(a) लोकसभा अध्यक्ष
(b) भारत का महान्यायवादी
(c) उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश
(d) संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष

(ix) भारत के राष्ट्रपति के महाभियोग की प्रक्रिया है

(a) न्यायिक प्रक्रिया (b) अर्द्ध-न्यायिक प्रक्रिया
(c) विधायी प्रक्रिया (d) कार्यपालिका प्रक्रिया

(x) भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत संसद, राज्य विधानमंडल, राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति के पदों के निर्वाचन के लिये संचालन, निर्देशन व नियंत्रण की ज़िम्मेदारी चुनाव आयोग की होती है?

(a) अनुच्छेद- 324 (b) अनुच्छेद- 323
(c) अनुच्छेद- 280 (d) अनुच्छेद- 338

**2.** **अंक : 40 (20 × 2)**

(a) राज्यपाल की शक्ति, कार्यों तथा राज्यों में इनकी भूमिका का वर्णन करें। (20 अंक)

(b) भारत के निर्वाचन आयोग की शक्ति और कार्यप्रणाली तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने में इनकी भूमिका का परीक्षण कीजिये। (20 अंक)

**3.** **अंक : 40 (20 × 2)**

(a) बताएँ कि किन-किन परिस्थितियों में भारत के राष्ट्रपति द्वारा आपातकालों की घोषणा की जा सकती है एवं इसके अनुसरण के क्या-क्या परिणाम होते हैं? (20 अंक)

(b) भारतीय संविधान की प्रस्तावना में प्रयुक्त 'धर्मनिरपेक्ष' एवं 'समाजवादी' शब्दों पर चर्चा कीजिये। (20 अंक)

**4.** **अंक : 40 (20 × 2)**

(a) भारत के संविधान के अधीन उच्चतम न्यायालय का क्या स्थान है? संविधान के संरक्षक के रूप में उसकी भूमिका का वर्णन करें। (20 अंक)

(b) नीति-निदेशक तत्त्वों को देश के शासन में मूलभूत तत्त्व माना गया है। राज्यों द्वारा नीति-निदेशक तत्त्वों का क्रियान्वयन किस सीमा तक किया गया है। आलोचनात्मक मूल्यांकन करें। (20 अंक)

**5.** **अंक : 40 (20 × 2)**

(a) मूल अधिकार और राज्य के नीति-निदेशक तत्त्वों के बीच अंतरों पर प्रकाश डालिये। नीति निदेशक तत्त्वों के कार्यान्वयन के लिये संघ और राज्य सरकारों द्वारा किये गए कुछ उपायों पर चर्चा कीजिये। (20 अंक)

(b) संविधान की प्रस्तावना का क्या महत्त्व है? भारतीय संविधान के संदर्भ में प्रस्तावना में प्रतिष्ठापित भारतीय राजव्यवस्था के दर्शन को सुस्पष्ट कीजिये। (20 अंक)

## खंड (ब)

## लोक प्रशासन एवं सुशासन : 100 अंक

**6. निम्नलिखित प्रश्नों के लिये सही विकल्प का चयन करें:** **अंक : 20 (10 × 2)**

(i) "प्रशासन का संबंध कार्यों को संपन्न कराने से जिससे कि निर्धारित लक्ष्य पूरे हो सकें।" यह परिभाषा दी गई है-

(a) लूथर गुलिक द्वारा
(b) मार्शल डिमॉक द्वारा
(c) फिफनर द्वारा
(d) एल.डी. व्हाइट द्वारा

(ii) परंपरागत नौकरशाही का अभ्युदय सर्वप्रथम कहाँ हुआ?

(a) फ्राँस (b) अमेरिका
(c) चीन (d) ब्रिटेन

(iii) विकास प्रशासन का मुख्य चिंतक किसे माना गया है?

(a) वुडरो विल्सन (b) चेस्टर बर्नार्ड
(c) पॉल ऍप्लेबी (d) फ्रेड रिग्स

(iv) भारत में सबसे पहले लोकपाल बिल संसद में किसके द्वारा प्रस्तुत किया गया?

(a) वाई वी चव्हाण (b) शांतिभूषण
(c) हरिश्चन्द्र माथुर (d) के. संथानम

(v) "नीति संबंधी निर्णय लेने में विशेषज्ञ एकदम अनुपयुक्त होते हैं।" यह कथन किस विद्वान के द्वारा दिया गया है?

(a) जेम्स मेकेमी (b) रॉबर्ट डूबिन
(c) थोर्सटिन वेबलीन (d) मेक्सबेबर

(vi) ओमबुड्समैन की अवधारणा का विकास सर्वप्रथम किस देश में प्रकाश में आया?

(a) स्वीडन में (b) भारत में
(c) कनाडा में (d) अमेरिका में

(vii) किस समिति की सिफारिश पर केंद्रीय सतर्कता आयोग का गठन किया गया?

(a) संथानम समिति
(b) रंगराजन समिति
(c) नरसिम्हन समिति
(d) बलवंतराय मेहता समिति

(viii) किस वर्ष भारत में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया?

(a) 1993 (b) 1995
(c) 1967 (d) 1996

(ix) योजना आयोग के कार्यों में शामिल था:

(a) राज्यों के बीच संतुलन
(b) लोक प्रयोजनार्थ अनुदान की अनुशंसा
(c) राजस्व सहायता अनुदान की अनुशंसा
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

(x) योजना आयोग था-

(a) एक लाइन अभिकरण
(b) एक सहायक अभिकरण
(c) एक संवैधानिक अभिकरण
(d) एक स्टाफ अभिकरण

**7.** **अंक : 40 (20 × 2)**

(a) राज्य प्रशासन में मुख्यमंत्री के कार्यालय की भूमिका की झारखंड राज्य के विशेष संदर्भ में विवेचना कीजिये। (20 अंक)

(b) भारतीय संघीय शासन में प्रधानमंत्री के कार्यों व उनकी भूमिका का परीक्षण कीजिये। (20 अंक)

**8.** **अंक : 40 (20 × 2)**

(a) स्पष्ट कीजिये, किस प्रकार राज्य सचिवालय राज्य प्रशासन की 'धुरी' है। साथ ही झारखंड राज्य सचिवालय के कार्यों को भी बताएँ। (20 अंक)

(b) 'प्रधानमंत्री कार्यालय' पर एक टिप्पणी लिखिये। (20 अंक)

**9.** **अंक : 40 (20 × 2)**

(a) लोक प्रशासन से क्या तात्पर्य है? लोक प्रशासन की प्रकृति एवं क्षेत्रों को स्पष्ट करें। (20 अंक)

(b) लोकायुक्त से आप क्या समझते हैं? इनके दायित्वों अथवा कार्यों का उल्लेख करें। (20 अंक)

**10.** **अंक : 40 (20 × 2)**

(a) 'सूचना का अधिकार अधिनियम' पर एक निबंध लिखें। (20 अंक)

(b) विकासात्मक प्रशासन की अवधारणा पर टिप्पणी लिखें। (20 अंक)